शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

जुलाई 2022 के लिए मंत्रिमंडल का मासिक सार:

जुलाई, 2022 के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां

1. उच्च शिक्षा क्षेत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020) के कार्यान्वयन पर काशी (वाराणसी) में दिनांक 7 से 9 जुलाई 2022 तक एक तीन दिवसीय अखिल भारतीय शिक्षा समागम का आयोजन किया गया था, जिसका उद्देश्य एनईपी 2020 को लागू करने के लिए विभिन्न दृष्टिकोणों और कार्यप्रणालियों की पहचान करना था। समागम का उद्घाटन माननीय प्रधान मंत्री जी ने किया। इस समागम में केंद्रीय/राज्य/मानित/निजी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, उच्च शिक्षण संस्थानों के निदेशकों/प्रमुखों, कॉलेजों के प्राचार्यों/संकायों, शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं आदि ने भाग लिया।

2. राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 की दूसरी वर्षगांठ पर 29.07.2022 को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वासर पर माननीय गृह और सहकारिता मंत्री ने विभिन्न नई पहलों की शुरुआत की।

3. केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने दिनांक 15.07.2022 को इंडिया रैंकिंग 2022 जारी की। यह भारत में उच्च शिक्षण संस्थानों (एचईआई) की भारत रैंकिंग का लगातार सातवां संस्करण है। भारत रैंकिंग 2016 के अपने पहले वर्ष के दौरान, विश्वविद्यालयों और तीन डोमेन-विशिष्ट रैंकिंग, अर्थात् इंजीनियरिंग, प्रबंधन और फार्मेसी संस्थानों के लिए रैंकिंग की घोषणा की गई थी। सात वर्षों की अवधि में, वर्ष 2021 में तीन नई श्रेणियां और पांच नए विषय डोमेन जोड़े गए गए जिससे कुल टैली बढ़कर चार श्रेणियाँ यथा सम्पूर्ण, विश्वविद्यालय, कॉलेज और अनुसंधान और 7 विषय, अर्थात् इंजीनियरिंग, प्रबंधन, फार्मेसी, वास्तुकला, चिकित्सा, कानून और दंत चिकित्सा हो गई ।

4. क्षमता निर्माण आयोग ने 11 जुलाई, 2022 को विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए शिक्षा मंत्रालय में वार्षिक क्षमता निर्माण योजना पर एक कार्यशाला आयोजित की।

****